हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

35वीं वाहिनी मंडला में गरबा की धूम, सेनानी श्री राजेश रघुवंशी सपरिवार हुए शामिल

मण्डला। 35वीं वाहिनी, विसबल मंडला में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा पंडाल में गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक/सेनानी राजेश रघुवंशी (आई.पी.एस.) सपरिवार शामिल हुए और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर गरबा में सहभागिता की। कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप सेनानी इंद्र सिंह परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश चतुर्वेदी, एड्जुटेंट बलवीर चावड़, सहायक सेनानी श्रीमती रुचिता चतुर्वेदी सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेटे का जन्मदिन बाल गृह के बच्चों संग मनाया, बाँटे उपहार

मण्डला। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते ने 17 अक्टूबर को अपने सुपुत्र आरव सिंह का जन्मदिन आदर्श बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई, उपहार और सुरुचिपूर्ण भोजन कराया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री परस्ते ने बच्चों को बाल कल्याण एवं समेकित बाल संरक्षण इकाई की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता बताई। इस पहल की बाल गृह प्रबंधन ने सराहना की और आरव सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नियम विरूद्ध खरीदी में लाखों रूपये का फर्जी लेन-देन

शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का तांडव

*** न तो सुरक्षा निधि जमा कराई और न ही ईमानदारी से कराया भौतिक सत्यापन।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिले के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं और यही कारण है कि पूरी शिक्षा व्यवस्था दिनोंदिन बदहाल होती जा रही है एक ओर जहां आवश्यकता से अधिक शिक्षक तो दूसरी ओर शिक्षकविहीन स्कूलों में बंद अध्यापन कार्य आने वाले भविष्य के कर्ताओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है।

वहीं दूसरी ओर शासन द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर परिवेश में अध्यापन कार्य सुलभ हो इसके लिये अच्छा खासा आंवटन विभाग को प्रत्येक वर्ष प्राप्त होता है छात्रावासों में हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो उन्हें अध्यापन के साथ-साथ अच्छा परिवेश प्राप्त हो इसके लिये भी शासन द्वारा विभाग को राशि प्राप्त होती है लेकिन विभाग इस तरह के प्राप्त आवंटन को ईमानदारी से विद्यार्थियों के हित में उपयोग करने के स्थान पर कुछ कदाचारी अधिकारियों के द्वारा नियम विरूद्ध प्रक्रिया अपनाकर आवंटन में बंदर बांट कर लिया जा रहा है। जिला शिक्षा विभाग को कस्तूरबा गांधी विद्यालयों हेतु आवंटन प्राप्त हुआ जिस राशि से पलंग, गद्दे, रोटी निर्माण मशीन एवं सोलर वॉटर हीटर जैसी सुविधायें उपलब्ध करानी थी इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जेम पोर्टल पर टेंडर 07 जनवरी 2025 से 21 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किये गये इसी दौरान समाचार पत्रों में इस निविदा के विज्ञापन प्रकाशित होने थे लेकिन किसी भी समाचार पत्र को 18 जनवरी 2025 तक कोई पत्र निविदा प्रकाशन हेतु नहीं जारी किया गया जो सरासर नियमों का उल्लंघन है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 18 जनवरी 2025 को जनसंपर्क अधिकारी मण्डला को निविदा प्रकाशन हेतु लिखा गया लेकिन इस तरह का कोई पत्र जनसंपर्क तक पहुंचा ही नहीं। जो पत्र रिकॉर्ड में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है उसके अनुसार निविदा की अंतिम तिथि उसमें 28 जनवरी 2025 दर्शायी गई है जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक अखबार का बिल भी प्रस्तुत किया गया जो कि 19 जनवरी 2025 का बताया जा रहा है यह बिल उस अखबार का है जिसके बारे में सूचना है कि वह मण्डला जिले में वितरित नहीं होता अब ऐसे में ऐसे अखबारों में निविदा का प्रकाशन होना और अनाप-शनाप दर से उसका भुगतान होना यह भी विभाग के कदाचार को ही प्रमाणित करता है।



सामग्री बाद में मिली पावती पहले दे दी गई

छात्रावासों एवं स्कूलों में जो सामग्री सप्लाई की गई दस्तावेजों में उसकी दिनांक 11 एवं 12 जून 2025 दर्शायी गई है जबकि कस्तूरबा गांधी विद्यालय के द्वारा पावती मई माह तथा जून माह में 05 तारीख तक की दी गई है घुघरी में पलंग 15 जून को एवं सोलर वॉटर हीटर भी इसी तारीख को प्राप्त होना बताया गया है।


पीजीबी की राशि नहीं जमा कराई गई

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा क्रय आदेश 26 मार्च 2025 को जारी किये गये इस आदेश के पूर्व पीजीबी (परफार्मेंस सिक्योरिटी) की राशि 03 प्रतिशत जमा कराकर भी आदेश जारी करने थे लेकिन नहीं किया गया इस तरह शासन के नियमों का उल्लंघन किया गया और जनचर्चा है कि इस खरीदी में लाखों रूपये का फर्जी लेन-देन किया गया।

भौतिक सत्यापन में हद दर्जे की लापरवाही

शासकीय खरीद में निविदा के अनुसार जब सामग्री संस्था को प्राप्त हो जाये और उसका उचित अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन कर लिया जाये तब उस आधार पर भुगतान फर्म को किया जाना चाहिये लेकिन यहां तो कहा जा रहा है कि भुगतान पहले ही कर दिया गया और बाद में दिखावे के लिये भौतिक सत्यापन कार्यालय में बैठकर ही कर दिया गया और यही कारण है कि दस्तावेजों में जो आंकड़े अंकित है वे हैरत में डालने वाले हैं भौतिक सत्यापन के दौरान गद्दे की मोटाई 2.9 फुट दर्ज की गई है जो कि एक टेबिल की ऊचाई के बराबर होती है अब इतनी मोटाई का गद्दा छात्रावास को सप्लाई किया गया और कौन सी निविदा के तहत किया गया और उसका भुगतान किस आधार पर संबंधित फर्म को किया गया यह तो जिम्मेदार अधिकारी बता सकेंगे। इस पूरे मामले को यदि संक्षेप समझा जाये तो जैसे कि पूरे विभाग में जनचर्चा है कि जब भोपाल से पत्र प्राप्त हुआ जिला शिक्षा विभाग को कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पलंग, गद्दे, रोटी मैकिंग मशीन एवं सोलर वॉटर हीटर क्रय किये जाने हैं साथ ही स्कूलों में खेल सामग्री साइंस सामग्री गणित विषय के लिये उपयोगी आदि भी क्रय होना है तो जिले के एक ही व्यापारी से सांठगांठ करके सामग्री कैसें प्राप्त करना है यह निश्चित किया गया और फिर संबंधित प्राचार्यो एवं अधीक्षकों को बुलाकर उनसे पहले ही भुगतान प्राप्त कर लिया गया। इस दौरान कुछ विरोध के स्वर अवश्य उठे लेकिन दबाव डालकर उन्हें शांत करा दिया गया जब संबंधित फर्म को भुगतान मिल गया उसके बाद सामग्री सप्लाई की औपचारिकता निभाई गई सभी छात्रावासों एवं स्कूलों में एक ही दर एवं एक ही गुणवत्ता की सामग्री सप्लाई होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है पूरी निविदा प्रक्रिया में कई ऐसी त्रुटियाँ हैं जो स्पष्ट करती हैं कि इस पूरे संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी की प्रमुख भूमिका है जिन्हें फर्जी आदेश जारी कराकर यह पूरी प्रक्रिया अपनाई गई जो कि कदाचार की श्रेणी में आता है जनचर्चा तो यह भी है कि एक एपीसी के रहते दूसरे को क्यों लाया गया।

श्री खोडियार माता दरबार में हवन-पूजन कन्या भोज और भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर सुभाष वार्ड स्थित श्री खोडियार माता दरबार सेवा समिति के द्वारा धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान विधि-विधान से हवन-पूजन, कन्या पूजन, कन्या भोज एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ।

रविवार को पंडित रानूनाथ शर्मा की उपस्थिति में हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। तत्पश्चात आम लंगर एवं भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

समिति द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर माता दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा नियमित आरती-पूजन किया गया। दरबार में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ अन्य शहरों से भी भक्त पहुंचकर माता रानी की आराधना करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



मातृशक्तियों ने किया सिंदूर दान



मण्डला। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति की मातृशक्ति द्वारा विशेष सिंदूर दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। आरती के दौरान श्रद्धालु महिलाओं ने भक्तिभाव के साथ मां जगदंबा आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली कामना की। आरती के पश्चात समिति की मातृ शक्ति द्वारा सुहागन महिलाओं को सिंदूर का वितरण किया गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुहागन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य सुख-समृद्धि एवं परिवार मंगलकामना की।

महाआरती के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बजरंग चौक स्थित राजीव कॉलोनी में नवशक्ति दुर्गाउत्सव समिति द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विगत 38 वर्षों से राजीव कॉलोनी बजरंग चौंक में माता रानी की स्थापना की जा रही है। यहां मां दुर्गा की विधि विधान से पूजन अर्चन कर महाआरती की जा रही है। महाआरती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में पत्रकार परिषद के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल शामिल हुए साथ ही उन्होंने मां की आराधना कर सुख-समृद्धि कामना की। महाआरती शुरू होते ही पूरा परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे श्रद्धा के साथ महाआरती में शामिल हुए। वहीं 19 अक्टूबर को महाप्रसादी वितरण होगी। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की है। मुख्य सदस्य प्रियदर्शन पटैल ने बताया कि 20 अक्टूबर दशहरा के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। यहां पर वागीश पटैल जितेन्द्र कुशवाहा, राजेश चौकसे, शशिकांत सिंह, पवन यादव, आशीष मोंगरे, प्रखर श्रीवास, राज पटैल, पार्थ तिवारी, पीयूष जोगी सहित स्थानीय धर्मप्रेमी लगातार सेवा दें रहे हैं।

नर्मदा किनारे अवैध शराब अड्डों पर छापा, 70 लीटर कच्ची शराब जब्त

मण्डला। जिला आबकारी अधिकारी श्री सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में मंडला वृत्त के ग्राम खुड़िया में नर्मदा नदी के किनारे एवं कछार क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के अड्डों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान करीब 115 डिब्बों में भरा 1150 किलो महुआ लाहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही 70 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई और शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तनों को भी नष्ट किया गया। आबकारी बल को देखकर अवैध शराब बनाने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

शासकीय एकीकृत हाई स्कूल किन्द्री में महिला एवं बाल सुरक्षा, विधिक अधिकारों तथा पोषण संबंधी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विनोद परस्ते के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर 2026 को शासकीय एकीकृत हाई स्कूल किंन्द्री, विकासखंड मण्डला में वन स्टॉप सेंटर द्वारा हब एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत निर्धारित मासिक थीम के अनुरूप जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक आधारित हिंसा तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने लिंग परीक्षण को दंडनीय अपराध बताते हुए इससे संबंधित वैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। साथ ही संतुलित पोषण, स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा हाथ धोने की निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 की उपयोगिता से भी अवगत कराया गया।

पैरालीगल वॉलेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, हिट एंड रन योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना, यातायात नियमों, शिक्षा के अधिकार, समानता के अधिकार, लोक अदालत तथा नागरिकों के नैतिक कर्तव्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया।

जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र कुमार चंदैश तेकाम एवं कुमार राजकिशोर भारतीय को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेश कुमार चौधरी, शिक्षक श्री अनसार अहमद खान, श्री व्ही.पी. भवेदी, श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती पुष्पा धूमकेती, श्रीमती रुचि सैनी, डॉ. रवि कुमार हरदहा तथा वन स्टॉप सेंटर के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता श्री हरिशंकर कछवाहा सहित विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

विडम्बना | **डीआरएम नागपुर ने अभी तक विस्तार करने की मांग पूरी नहीं की।**

सिर्फ 'विश्राम' करने आ रही पेंचवैली एक्सप्रेस

*** 15 महीनों से मण्डला फोर्ट की यही है स्थिति।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर आधुनिक स्वरूप प्रदान कर दिया गया है। भव्य भवन, आकर्षक प्लेटफॉर्म और आधुनिक यात्री सुविधाएं तो तैयार हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी न होने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।

इंदौर से छिंदवाड़ा और सिवनी के रास्ते चलने वाली पेंचवैली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19343/19344) का खाली रैक (Empty Rake) पिछले 1 साल 3 महीने (15 महीने) से भी अधिक समय से प्रतिदिन मण्डला फोर्ट स्टेशन आ रहा है, लेकिन अफ़सोस की बात यह है कि क्षेत्र की जनता को इसमें सफर करने की अनुमति नहीं है।

रेलवे की समय-सारणी के अनुसार: दिन में इंदौर से प्रस्थानः यह ट्रेन दोपहर 01:10 बजे इंदौर से निकलती है। सुबह 06:30 बजेः यह ट्रेन इंदौर से चलकर नैनपुर पहुँचती है। इसके बाद इस खाली रैक को मण्डला फोर्ट लाया जाता है, जहाँ यह दिनभर खड़ा रहता है। दोपहर लगभग 04:30 बजेः खाली रैक को वापस नैनपुर भेजा जाता है। शाम 07:00 बजेः यह ट्रेन नैनपुर से इंदौर के लिए प्रस्थान करती है। दिनभर मण्डला फोर्ट में रैक मौजूद रहने के बावजूद स्थानीय यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग या बोर्डिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। मण्डला से प्रतिदिन इंदौर के लिए 3 बसें और भोपाल के लिए 5 बसें संचालित होती हैं, जिनमें यात्रियों को भारी भरकम किराया चुकाना पड़ता है। यदि पेंचवैली एक्सप्रेस का मण्डला फोर्ट से व्यावसायिक संचालन (Commercial Passenger Operations) शुरू कर दिया जाए, तो सीधे भोपाल और इंदौर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। सूत्रों और प्रशासनिक पत्राचार के अनुसार, प्राइमरी मेंटेनेंस ज़ोन होने के नाते पश्चिम रेलवे (रतलाम मंडल) को इस ट्रेन के मण्डला फोर्ट तक व्यावसायिक विस्तार पर कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब ट्रेन का मुख्य मंडल तैयार है और खाली ट्रेन रोज़ मण्डला आ-जा रही है, तो SECR बिलासपुर ज़ोन इस विस्तार को लागू करने में देरी क्यों कर रहा है?

9 जून लगभग 5 महीने पहले नितिन सोलंकी के द्वारा सोशल मीडिया पर जब यह मुद्दा जोर-शोर से उठा था, तब मंडल रेल प्रबंधक (DRM) नागपुर (SECR) ने संज्ञान लेते हुए इसे जनमांग (Public Demand) के रूप में संबंधित वाणिज्यिक विभाग को भेजने का आश्वासन दिया था। हालाँकि, महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। प्रतिदिन स्टेशन पर खड़ी खाली ट्रेन को देखकर स्थानीय जनता आक्रोशित है। लोगों का कहना है कि जब ट्रेन की रैक मंडला तक आ ही रही है, तो उसे यात्रियों के लिए क्यों नहीं खोला जा रह।

// शपथ पत्र //

मैं श्रीमती विद्या राजेश पहापलकर (**Vidya Rajesh Pahapalkar**) पति श्री राजेश पहापलकर, उम्र 50 वर्ष, स्थायी निवासी मकान नं. 83, माइक्रोलाइन कम्प्यूटर के सामने, बिंझिया तहसील व जिला-मण्डला म.प्र. अपने आधार कार्ड कमांक 669588987306 में अपने नाम के विवरण में संशोधन हेतु निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करती हूं:-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड कमांक 669588987306 में मेरा नाम टाईपिंग त्रुटि से **Vidha** (विधा) अंकित हैं, जबकि मेरा सही नाम विद्या (**Vidya**) है। 2. यह कि मेरे उपरोक्त आधार कार्ड कमांक 669588987306 में मेरा उपनाम भी अंकित नहीं है। 3. यह कि मेरा सही एवं पूर्ण नाम '**Vidya Rajesh Pahapalkar** (विद्या राजेश पहापलकर) हैं एवं यही नाम मेरे **PAN Card No. ATYPP6510H** एवं बैंक पास बुक में अंकित हैं। 4. यह कि आधार कार्ड में अंकित नाम **Vidha** (विधा) तथा मेरा सही नाम **Vidya Rajesh Pahapalkar** दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। 5. यह कि मैं अपने आधार कार्ड कमांक 669588987306 में नाम एवं उपनाम का सुधार ॥ करवाकर **Vidya Rajesh Pahapalkar** (विद्या राजेश पहापलकर) दर्ज करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ता
विद्या राजेश पहापलकर

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी



नगर के जगदीश वार्ड मे स्थापित



नगर के एसबीआई के पास स्थापित प्रतिमा



एमपीईबी कालोनी में स्थापित प्रतिमा



कामर्थ वार्ड में स्थापित प्रतिमा।



निरंजन वार्ड में स्थापित प्रतिमा



पुल के पास स्थापित प्रतिमा



ग्राम मऊ में स्थापित प्रतिमा



ग्राम घघरौला में स्थापित प्रतिमा



ग्राम खुलरी में स्थापित प्रतिमा।



ग्राम सिंहपुर छोटो में स्थापित प्रतिमा।



ग्राम केसला में स्थापित प्रतिमा।



गाडरवारा। ग्राम पिपरिया कला में स्थापित प्रतिमा

नवरात्र के सप्तम दिवस भक्तों ने किया माँ कालरात्रि का पूजन करते हुये मांगी सत्य की ज्योति से आलोकित करने की कामना

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। चल रहे शारदीय नवरात्र की साधना का सातवाँ दिवस को माँ कालरात्रि का प्रकट होने का दिवस माना जाता है। इस दिन भक्तों द्वारा माँ कालरात्रि का विशेष विधि विधान के साथ पूजन किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये रविवार को नवरात्र की सप्तमी के असवर पर माँ कालरात्रि के विशेष स्वरूप दिग्विजयी, प्रचंड, जिनकी छवि से भय मिटता है और जिनका स्मरण ही साधक के लिए मुक्ति का द्वार खोल देता है। माँ का रूप अत्यंत उग्र, श्याम वर्ण, विकट जटाजूट से अलंकृत, गले में लटकते मुण्डमाल, तीखे दाँत और दहकती दृष्टि से परिपूर्ण, किन्तु भीतर अनंत करुणा, जो भक्त के लिए माँ के वात्सल्य में बदल जाती है। सिंहवाहिनी या गदायुक्त रूप में वे जगत को संदेश देती हैं कि विनाश भी एक सृजन है, अंधकार भी प्रकाश का जन्मदाता है। माँ कालरात्रि भय को नष्ट करती हैं तथा संसार को दिखाती हैं कि मृत्यु के पार भी जीवन है और अंत ही एक नए आरंभ का संकेत है। माँ कालरात्रि की आराधना में भक्त गुड़ और जौ का भोग लगाते हैं। यह भोग प्रतीक है, सरलता और धरती की गंध का, जो हमें याद दिलाता है कि जीवन का सत्य भव्यता में नहीं, बल्कि सादगी में छिपा है। आध्यात्मिक स्वरूप में माँ कालरात्रि ही हैं। कुण्डलिनी की जागृति, भ्रम और अज्ञान के विनाश की शक्ति। साधक जब उनका ध्यान करता है तो भीतर के अंधकार से टकराने का सामर्थ्य पाता है। माँ कालरात्रि के स्वरूप में वह वे सिखाती हैं की भय को बाहर मत खोजो, भय भीतर है। उसे जला दो तो संसार का हर संकट क्षीण हो जाएगा। माँ की उपासना का फल ही है भय का पूर्ण विनाश,आत्मा का उत्थान, और मुक्ति की झलक। कहा गया है कि माँ कालरात्रि की कृपा से भक्त अग्नि, जल और शस्त्र तक से निर्भय रहता है। माँ का व्रत का पुण्य साधक को अनंत शांति और मोक्ष की ओर अग्रसर करता है।

शारदेय नवरात्र के चलते घरों का बदला माहौल, शक्ति की देवी माँ भगवती का व्रत रख माँ दुर्गा की आराधना करने लीन नजर आ रही महिलाएं

आज दुर्गा अष्टमी के मौके पर देवी मंदिरों में पूजन व दर्शन के लिए उमड़ेगा सड़कों पर जन सैलाब













हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शारदेय नवरात्र की 11 सितम्बर शुरू होने की पावन बेला से ही लोग मॉ दुर्गा के दर्शन, पूजन की शहर के साथ साथ ग्रामीण जनों द्वारा भी माँ भगवती के प्रति सॅजोयी गई अपना साधना पूरी करने के लिए लोग पूर्ण रूप से लीन देखे जा रहे है। माँ भगवती के आराधना पर्व शारदेय नवरात्र पर्व की चहल पहल इन दिनों चरम पर आ चुकी है। वही हिन्दू धर्म में प्रमुख माने जाने वाली माँ जगत जननी के पर्व के दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि माताएं बहिने, पुरूष युवा जहां सुबह से देवी मंदिरों में माँ दुर्गा के चरणों में जल अर्पित करने मंदिरों में पहुंच रहे है। वही दूसरी ओर अनेक लोग अपने घरों में भी श्रद्धा भाव से माँ भगवती की पूजा, आराधना कर माताराणी से मनोकामनांए पूर्ण करने का आशीष प्राप्त कर रहे है। शारदेय नवरात्र पर्व पर शहर की रक्षक देवी मॉ खेरापति माता के मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों हुई आकर्षक सजावट और उनमें माँ भगवती की सांध्या कालीन आरती, भजन, कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। वही शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर विराजी माँ दुर्गा की विभिन्न भाव मुद्राओं वाली नयनाविराम प्रतिमाओं के दर्शन, माताराणी की सजी मोहक झांकियाँ निहारने रात्रि में भक्तों का सैलाव उमड़ रहा है। वही बताया जाता है कि आज सोमवार को सर्वार्थ सिद्धियोग में पड़ रही शारदेय नवरात्र पर्व की दुर्गा अष्टमी को श्रद्धालु माँ जगदम्बे का पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करेगे तथा देवी मंदिरों में विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चरणों के साथ अनेक प्रकार से पूजन संपन्न करायेगे तथा धर्म शास्त्रों की मान्याताओं के अनुसार देवी मंदिरों में स्थापित जवारे तेजोमय हो जायेगे। मताराणी का विशेष आर्शीवाद मिलने के साथ अखंड देवी भक्त को भाव आने लगेगे। वैसे देखा जावे तो इस वर्ष तिथि में कुछ फेर बदल के चलते कुछ लोगों ने दुर्गा अष्टमी कल रविवार को भी मनाया गया है। वही कुछ लोग आज सोमवार को दुर्गा अष्टमी व दुर्गा नवमी एक साथ मनायेगे। इसी के चलते लोगों द्वारा अपने घरों में भी देवी स्वरूप कन्याओं को भोजन कराने का क्रम शुरू हो गया है। इस प्रकार से दुर्गोत्सव के प्रारम्भ होने के दिवस से ही शहर में विभिन्न स्थानो पर मॉ दुर्गा की सजीव, मन मोहक प्रतिमाएँ जहां विद्युत मालाओं से सुसज्जित भव्य पंडालो में स्थापित कर उनकी पूजन, आरती का क्रम चल रहा है। वही सुबह श्रद्धालु माताएँ, बहिनें, युवा देवी मंदिरो में पहुँच माताराणी को जल ढार उनके चरणो में नमन कर लगातार 10 दिनों तक मॉ भगवती की सेवा करते हुए मॉ दुर्गा के भक्तिमय गुणगान का संकल्प ग्रहण कर रहे है। वही घरो में दुर्गोत्सव पर व्रत रख मॉ दुर्गा के नौ रूपो की विधि विधान से पूजा, अर्चना करने महिलाएँ, बहिनें उत्साहित प्रतीत हो रही है और उनकी ओर भक्ति भाव से माँ की आराधना में लीन देखी जा रही है। वही नगर में जहां तहा पंडालों में स्थापित हुई माँ जगदम्बे की मनोहर झांकियों को देखते हुए नगर इस प्रकार से प्रतीत हो रहा है कि शायद माँ भवानी स्वयं ही नगर में उतर कर आ गई है और वह अपने भक्तों को दर्शन देते हुए उन्हें अपना आर्शीवाद देने में किसी भी प्रकार की कोई कसर नही छोड़ रही है। आज दुर्गा अष्टमी के अवसर पर नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से जन सैलाब उमड़ने की संभावना लग रही है कि सड़कों पर तिल रखने के लिए भी जगह कम पड़ जावेगी। वही हरिभूमि टीम से धर्म के प्रति गहरी आस्था रखने वाली महिलाओं ने चर्चा की गई तो शारदेय नवरात्र प्रारम्भ होने का उन्हे इंतजार काफी दिनों से इसलिए था क्योकि दुर्गोत्सव पर विकट राक्षसो का संहार करने वाली शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मॉ दुर्गा की पूजा, आराधना करने से उन्हे आत्मिक शक्ति और अन्याय से डटकर सामना करने का साहस मिलता है। ग्राम बारहाबड़ा निवासी श्रीमति रीना/विकास कुशवाहा का कहना है कि मॉ भगवती संसार का दुःख दूर करने वाली है। उनकी ममता का ऑचल विशाल है। माताराणी की प्रतिमाओं से फैलने वाला दिव्य प्रकाश सर्वत्र फैल भक्तो के मन के अँधेरे को दूर करता है। मै वर्षो से शारदेय नवरात्र पर व्रत रख मॉ दुर्गा की पूजन करती आ रही हूँ, मुझे पूरा भरोसा है कि दुर्गोत्सव शुरू होते ही घर का माहौल एकाएक बदल जाता है और घर में सुख, शांति छाने का अहसास होता है। इसी प्रकार ग्राम देवरी निवासी श्रीमति मंजू लोधी के अनुसार दुर्गोत्सव को शक्ति के संचय का महापर्व माना गया है। इस लिहाज से महिलाओं का कर्त्तव्य है कि शारदेय नवरात्र के दिनों में उन्हे शक्ति की अधिष्ठात्री, देवलायो द्वारा पूजित मॉ दुर्गा की शरण में जाना चाहिये। वही गाडरवारा ही निवासी श्रीमति रिंकी / योगेश कौरव के अनुसार मुझे इस बात की विशेष खुशी है कि इस वर्ष शारदेय नवरात्र पर अद्भुत योग निर्मित हो रहे है। दुर्गोत्सव को उत्साह से मनाने की काफी दिन पहले से ही मै तैयारियॉ शुरू कर देती हूँ और शारदेय नवरात्र के दिनों में आस्था, श्रद्धा के साथ मॉ दुर्गा की आराधना में लीन हो जाती हूँ। मेरा मानना है कि शारदेय नवरात्र पर मातृ शक्ति पर मॉ दुर्गा की कृपा बरसती है। वही श्रीमति बंदना/अशोक मार्गव का कहना है कि मेरे लिए शारदेय नवरात्रि के दिन खास आनंद के होते है। सुबह माताराणी को जल आर्पित करने के बाद घर में मॉ दुर्गा की पूजा, अर्चना करती हूँ, पड़ौस की कन्याओं को प्रसाद देती हूँ और रात में शहर में स्थापित मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करती हूँ। मॉ दुर्गा की भक्ति करते हुए मुझे पता ही नही चलता कि शारदेय नवरात्र के दिन कैसे बीत जाते है, और जब जहां तहां विराजमान माँ भवानी की बिदाई की बेला आती है तो नगर सूना लगने लगता है।

जगत जननी माँ दुर्गा के दर्शनों के लिए भक्त हो रहे व्याकुल, काली मंदिर सहित अन्य देवी दरबारों में दिख रहा मनमोहक रूप

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व की हलचले इन दिनों विभिन्न प्रकार की रोशनियों से नहाये हुए धर्ममय शहर में चरम पर पहुंच चुकी है, जिसके चलते देखा जा रहा है कि नगर में चारों ओर धार्मिक आयोजनों की धूम मची है तथा माताराणी के भक्त निर्जला और मौन रहकर देवी दरबारों में मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन कर मॉ दुर्गा की जी महाआरती में शामिल होने रात में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए देवी भक्त पहुंच रहे है। वही घरों में भी लोग मॉ भगवती की पूजा, अर्चना कर माताएं बहिनें मॉ दुर्गा जी को प्रसन्न कर उनसे सुख, समृद्धि का बरदान मांग रही है। इस प्रकार से शारदेय नवरात्र पर्व के चलते जहां नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों व देवी दरबारों में संगीतमय भजन, कीर्तन के साथ अन्य विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है और जगह जगह बिराजी माँ जगत जननी की आकर्षक प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग नगर की सड़कों पर उमड़ने से चहुंओर माताराणी के जयकारे गूंज रहे है तथा देवी दरबारों मं कलशों के साथ स्थापित जबारों की बढ़त से भक्तों को अहसास हो रहा है कि इस वर्ष जिस तरह माताराणी की भक्ति के बीच लोगों में



महंगाई अडंगा जरूरी बनी हुई है।



लेकिन भक्तों को भरोसा है निश्चित तौर माता रानी उससे शीघ्र ही निजात दिलाते हुये अपने भक्तों की पीड़ा का हरण करते हुये उन्हे खुशहाल करेगी। क्योंकि नवरात्र के पर्व को लेकर छोटे छोटे दुकानदारों को बडी उम्मीदे रहती है कि वह अपने धंधे की शुरूआत करेगी और नवरात्र के अवसर पर अच्छा धंधा होने पर वह दीवाली की तैयारियों पूर्ण करेगे। इसी के चलते चल रहे नवरात्र के दौरान शहर की सड़को किनारे पूरा बाजार सजा



हुआ नजर आने से नही चूक

रहा है। वही कल रविवार को दुर्गा सप्तमी कुछ लोगों के अनुसार दुर्गा अष्टमी के दिन शुभकारी देवी माँ की पूजन किया गया। वही आज अष्ठमी को मॉ रात्रि की घरों व देवी दरबारों में उपासना, आराधना की जावेगी तथा देवी दरबारों में कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किये जावेगी। इस प्रकार से लोगों के घरों व देवी दरबारों में देवी स्वरूपा कन्याओं के चरण भी पड़ेगें जिनका लोगों ने विधिवत पूजन कर भक्तों ने इन कन्याओं को माताराणी को प्रिय माने वाले भोजन ग्रहण कराये जावेगे। वही नगर में देखा जा रहा है कि इस मौके पर जिन स्थानों पर महाकाली की प्रतिमाएं स्थापित की गई है वहां दुष्टों का विनाश करने वाली व भक्तों को भयमुक्त करने वाली मॉ कालरात्रि की विशेष पूजन, आरती की गई और पंडाओं ने मंत्र पढ़कर लोगों को अनचाही बाधाओं के बंधनों से आजाद किया। वही बताया जाता है कि बीते हुये दुर्गा सप्तमी के दिन विशेष संयोग में भक्तगण माताराणी व अपने कुल देवताओं की पूजन की गई। वही देवी दरबारों में माँ दुर्गा के हवन पूजन व महाआरती के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके आलवा देवी दरबारों में कन्या भोजों की धूम रही। गौरतलब है कि शारदेय नवरात्र के चलते इस समय ट्रेनों से देवी दर्शन करने मैहर देवी दर्शन करने जाने वालों की भीड़ के चलते ट्रेनों में लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। मगर लग रहा है कि शायद प्रशासन को आम लोगों की सुविधाओं को लेकर कोई लेना देना नही रह गया है जिसका परिणाम है कि जहां भीड़ के दौरान शहर की सड़को पर खुलेआम मवेशी भ्रमण करते हुये लोगों को दहशत में डाल रहे है।

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं


मेन बाजार अमरपुर में स्थापित मां काली जी की प्रतिमा


बाजार चौक अमरपुर में स्थापित माता रानी की प्रतिमा


जनपद पंचायत तिराहा अमरपुर में स्थापित माता रानी की प्रतिमा


धुर्वे टोला अमरपुर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा


अशोक चौक रामगढ़ में स्थापित मां दुर्गा जी की प्रतिमा


अस्पताल मोहल्ला अमरपुर में स्थापित मां दुर्गा जी की प्रतिमा

बीएसएनएल केबल बिछाने के दौरान टूटी नल जल पाइप लाइन, तीन दिन से पेयजल संकट

हैंडपंप और कुओं के पानी के सहारे ग्रामीण, जल्द मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत मनोरी में बीएसएनएल की केबल बिछाने के लिए सड़क किनारे की गई खुदाई के दौरान नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे गांव में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। पानी की किल्लत के चलते ग्रामीणों को हैंडपंप और कुओं के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। समस्या का निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कार्यालय तक बीएसएनएल की केबल लाइन पहुंचाने के लिए जेसीबी से खुदाई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान नल-जल योजना की पाइपलाइन टूट गई, जिससे गांव की जलापूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल जैसी आवश्यक सुविधा बंद होने से उन्हें रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मनोरी में दूषित पानी के कारण डायरिया फैलने और 17 से 18 लोगों की मौत होने की बात सामने आई थी। ऐसे में मौजूदा जल संकट ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों को आशंका है कि वैकल्पिक रूप से इस्तेमाल किए जा रहे जलस्रोतों का पानी सुरक्षित नहीं हुआ तो संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो सकता है।गांव के जागरूक नागरिक एवं जनप्रतिनिधि लियाकत अली ने फोन के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को पाइपलाइन टूटने और पेयजल आपूर्ति बाधित होने की जानकारी दी है। बताया गया कि अधिकारियों ने सरपंच और सचिव को पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना चौकी में देने के निर्देश दिए हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराने और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि गांव में उत्पन्न पेयजल संकट से राहत मिल सके।

सेवा संकल्प अभियान 2026 का एक माह बाद समापन विद्यार्थियों ने सीखा सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में आयोजित एक माह के सेवा संकल्प अभियान 2026 का समापन विभिन्न जनजागरूकता, सामाजिक सहभागिता एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ हुआ। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक संवेदनशीलता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों को जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं जल संरक्षण जैसी गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। वहीं नशामुक्ति और साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए नशे के दुष्परिणामों तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षित यातायात, जिम्मेदार नागरिकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।महिला सशक्तिकरण संबंधी गतिविधियों में महिलाओं के अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। फिट इंडिया, खेल, योग एवं ध्यान कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों में युवाओं को रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता और भविष्य में उपलब्ध संभावनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

सेवा सेतु सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नुक्कड़ नाटक, कविता, भाषण एवं अन्य जागरूकता प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों से जुड़े संदेश आमजन तक पहुंचाए गए। वहीं 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' गतिविधि के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सामाजिक एकता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया गया।आंगन मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता कर पोषण, महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य तथा सामाजिक सहयोग के महत्व को रेखांकित किया गया।अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को विकसित करने का प्रयास किया गया। विभिन्न गतिविधियों ने विद्यार्थियों को समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होकर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। अभियान का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि सेवा केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य आशीष कुमार मरावी, राम कुमार टेकाम, डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. राकेश कुमार पटले, दीपचंद गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, प्रदीप कुमार कहार, डॉ. निगहत खान, डॉ. निधि सिंह, हुस्नआरा अंसारी, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी एवं जयदीप दुबे सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

चूल्हा मोड़ घाट में सड़क पर फंसा अनियंत्रित ट्राला, दो से तीन घंटे लगा रहा जाम



शहपुरा।

डिंडौरी-शहपुरा मार्ग पर अमठेरा के पास चूल्हा मोड़ स्थित घाट में एक ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क पर फंस गया। इसके चलते मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब दो से तीन घंटे तक जाम की स्थिति बने रहने से वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, चूल्हा मोड़ के घाट पर ट्राला अनियंत्रित होने के बाद सड़क पर ही फंस गया। मार्ग संकरा होने के कारण अन्य वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम के कारण छोटे-बड़े वाहन काफी देर तक फंसे रहे। इससे यात्रियों और राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा।

डिंडौरी-शहपुरा मार्ग क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। ऐसे में घाट पर भारी वाहन के फंसने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। करीब दो से तीन घंटे तक वाहन चालकों को जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा, जिससे लोगों का समय भी बर्बाद हुआ।चूल्हा मोड़ जैसे घाट वाले मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान विशेष सावधानी की जरूरत होती है। ऐसे स्थानों पर किसी वाहन के अनियंत्रित होकर फंसने से यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। घटना ने घाट वाले मार्गों पर यातायात सुचारु बनाए रखने और भारी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

जीवनरक्षक इंजेक्शनों की कमी का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज

सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता पर उठे सवाल

डिंडौरी।

जिले के शासकीय अस्पतालों में जीवनरक्षक इंजेक्शनों और आवश्यक दवाओं की कथित कमी का मामला अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) तक पहुंच गया है। इस मामले में आयोग में शिकायत दर्ज होने के बाद सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था और मरीजों को समय पर उपचार मिलने के मुद्दे ने गंभीर रूप ले लिया है। मामले से संबंधित पत्र की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव को भी भेजी गई है।मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि डिंडौरी जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं और जीवनरक्षक इंजेक्शनों की उपलब्धता को लेकर सामने आए तथ्यों के आधार पर भारत के मुख्य न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित संस्थाओं से मामले की जांच कराने, वास्तविक स्थिति का पता लगाने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।



अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजे गए पत्र में इस विषय को नागरिकों के जीवन के अधिकार और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण मामला बताया गया है। आयोग से उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामले का संज्ञान लेने, संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई प्रतिवेदन प्राप्त करने और आवश्यक जांच कराने का अनुरोध किया गया है।उन्होंने बताया कि शिकायत में यह भी मांग की गई है कि यदि दवाओं की अनुपलब्धता के कारण किसी मरीज को गंभीर परेशानी या नुकसान हुआ है, तो संबंधित अभिलेखों के आधार पर इसकी जांच की जाए और नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। मामले की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को भेजकर राज्य स्तर पर भी आवश्यक समीक्षा और सुधारात्मक कदम उठाने की अपेक्षा की गई है।अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश को भेजे गए पत्र में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा और जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता मानव जीवन तथा गरिमा की रक्षा से जुड़ा अहम विषय है।

दवाओं के स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था की जांच की मांग

अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि शिकायत में जिला अस्पताल के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं तथा इंजेक्शनों की वास्तविक उपलब्धता की जांच कराने का आग्रह किया गया है। इसके अंतर्गत दवाओं के स्टॉक रजिस्टर, मांग-पत्रों, आपूर्ति और खरीद प्रक्रिया तथा कथित कमी की अवधि एवं कारणों की पड़ताल करने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि यह भी जांच का विषय है कि कहीं समय पर आपूर्ति नहीं होने, स्टॉक की उचित निगरानी के अभाव अथवा प्रशासनिक स्तर पर किसी चूक के कारण मरीजों को उपचार के दौरान परेशानी तो नहीं उठानी पड़ी। यदि जांच में दवाओं की कमी की पुष्टि होती है, तो आवश्यक दवाओं की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया गया है। साथ ही, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग भी की गई है।डिंडौरी आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहां बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों और अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में जीवनरक्षक इंजेक्शनों और जरूरी दवाओं की उपलब्धता का मुद्दा विशेष महत्व रखता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अस्पताल में दवा उपलब्ध नहीं होने पर बाहर से दवाएं खरीदना अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन सकता है।अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि शिकायत का उद्देश्य दवाओं की उपलब्धता से संबंधित तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराना और मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं समय पर मिलना सुनिश्चित करने की दिशा में संबंधित संस्थाओं का ध्यान आकर्षित करना है।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज होने और मुख्य सचिव को प्रतिलिपि भेजे जाने के बाद अब संबंधित अधिकारियों की प्रतिक्रिया तथा संभावित कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी। हालांकि, दवाओं की कमी और उससे मरीजों को हुई परेशानी से संबंधित आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।फिलहाल, इस मामले में दवाओं के वास्तविक स्टॉक, आपूर्ति व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई है।

नवरात्रि की अष्टमी पर माता रानी के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, कन्या भोज का हुआ आयोजन

शहपुरा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी तिथि के अवसर पर शहपुरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और देवी पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, चुनरी और नारियल अर्पित किए तथा भोग लगाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। अष्टमी पर्व पर धार्मिक परंपराओं का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करते हुए विभिन्न स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण पूजन किए, तिलक लगाया और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। कन्याओं से आशीर्वाद लेकर भक्तों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसरों और देवी पंडालों में भजन-कीर्तन, आरती और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। अष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली की प्रार्थना की। भक्तों का विश्वास था कि सच्चे मन से की गई माता की आराधना से सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उत्साह और धार्मिक आस्था देखते ही बन रही थी। अष्टमी पर्व पर आयोजित पूजा-अर्चना, कन्या भोज और धार्मिक कार्यक्रमों ने पूरे शहपुरा क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। हर ओर मां दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।



शिव राइस मिल पर धान उठाव में गड़बड़ी का आरोप, एक ही डीओ पर दो बार उठाव की चर्चा

433 क्विंटल के विरुद्ध 866 क्विंटल धान उठाव का दावा

अनूपपुर/कोतमा। सरकारी धान उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता और रिकॉर्ड के सत्यापन को लेकर कोतमा के कदमटोला औद्योगिक क्षेत्र स्थित शिव राइस मिल का मामला चर्चा में है। उपार्जन वर्ष 2024-25 के दौरान मिल के लिए जारी डिलीवरी ऑर्डर (डीओ) क्रमांक 121 के विरुद्ध निर्धारित मात्रा से दोगुना धान उठाव किए जाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि करीब 433 क्विंटल धान उठाव के लिए जारी आदेश के विरुद्ध 866 क्विंटल धान का उठाव दर्ज हुआ। यदि दस्तावेजों की जांच में यह अंतर प्रमाणित होता है, तो करीब 433 क्विंटल अतिरिक्त धान उठाव का मामला सामने आ सकता है। फिलहाल इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। ऐसे में संबंधित शाखा, वेयरहाउस और मिलर के अभिलेखों का निष्पक्ष मिलान कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। सवाल यह है कि एक ही डीओ के विरुद्ध दो बार उठाव की प्रविष्टियां दर्ज हुईं तो उनके सत्यापन की जिम्मेदारी किसकी थी।

जानकारी के अनुसार, संबंधित धान की मिलिंग का कार्य एनसीसीएफ एजेंसी के माध्यम से कराया गया था। बताया जा रहा है कि एजेंसी के कर्मचारी जब धान से जुड़े रिकॉर्ड और उपलब्ध विवरण का मिलान करने के लिए कोतमा शाखा पहुंचे, तब डीओ क्रमांक 121 के विरुद्ध कथित तौर पर दो बार धान उठाव किए जाने का मामला सामने आया। हालांकि, केवल रिकॉर्ड में दो प्रविष्टियां दिखाई देने से वास्तविक अतिरिक्त उठाव की पुष्टि नहीं मानी जा सकती। इसके लिए यह जांचना आवश्यक होगा कि दोनों प्रविष्टियां अलग-अलग उठाव की हैं, किसी एक उठाव की दोहरी प्रविष्टि हैं या अभिलेखों में किसी अन्य प्रकार की त्रुटि हुई है। दस्तावेजों का मिलान ही इस पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट कर सकता है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

8

जबलपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी की भव्य एवं आकर्षक प्रतिमाएं


महावीर दुर्गा मंडल बहोरीपार कलां


मित्र काली मंडल पटेल वार्ड नरसिंहपुर


चमत्कारिक नवयुवक दुर्गा मंडल आजाद वार्ड नरसिंहपुर


स्वतंत्र काली मंडल गुरुद्वारा चौक नरसिंहपुर


15 चरहाई काली मंडल नरसिंहपुर


ज्योति काली मंडल कृष्ण मंदिर के पास नरसिंहपुर

खबर संक्षेप

रंगकर्मी ऐश्वर्य को दो स्वर्ण पदक



नरसिंहपुर। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के सप्तम दीक्षांत समारोह में नगर के युवा रंगकर्मी ऐश्वर्य दुबे को दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। नाट्य एवं रंगमंच संकाय के सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय और प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर महामहिम राज्यपाल मंगुभाई छगनभाई पटेल ने उन्हें पदक प्रदान किए। ऐश्वर्य दुबे ने यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के मार्गदर्शन में हासिल की। उनकी सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

सुअर के हमले से घायल

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम सगरा में जंगली सुअर के हमले में 27 वर्षीय यशवंत मेहरा घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार, घायल यशवंत पिता द्वारका प्रसाद मेहरा को श्रीराम मेहरा अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर उपचार जारी है।

सब जूनियर और कैडेट जूडो टीम के चयन ट्रायल 24 को

नरसिंहपुर। जिला जूडो संघ द्वारा सब जूनियर और कैडेट वर्ग की बालक-बालिका जूडो टीम के चयन के लिए 24 अक्टूबर को असेम्बली हॉल में ट्रायल आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी। संघ के सचिव अशोक नामदेव ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में वर्ष 2012, 2013 और 2014 में जन्मे खिलाड़ी तथा कैडेट वर्ग में वर्ष 2009, 2010 और 2011 में जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और मूल निवासी प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र 31 दिसंबर 2023 से पहले का बना या पंजीकृत होना चाहिए। चयन ट्रायल में जिला जूडो संघ नरसिंहपुर से पंजीकृत क्लबों के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

युवक ने किया जहरीले वस्तु का सेवन

नरसिंहपुर। गत दिवस ग्राम अकोला निवासी मनोज उम्र 22 बर्ष, पिता गिरवर सिंह को जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार घटना किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

नमी देवलिया ने बनाई सुंदर पेंटिंग



तेंदूखेड़ा। नवरात्रि पर्व की धूम बनीं हुई है।छोटे छोटे बच्चों द्वारा भी अपने अपने स्तर से माता रानी की पूजन अर्चन साधना की जा रही है।इसी तरह समीपी ग्राम इमझिरा की नमी देवलिया ने माता रानी की सुंदर पेंटिंग बनाई है। और दुर्गा पंडाल को समर्पित किया है। इसके पूर्व भी त्यौहार विशेष पर सुंदर पेंटिंग चित्रकारी की गई थी।

ठेकेदार पर आरोप निष्पक्ष जांच की मांग

नरसिंहपुर। ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी किराना व्यापारी कमलेश पटेल ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर ठेकेदार पर जबरन शराब दुकान पर पहुंचाने, विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। व्यापारी का आरोप है कि ठेकेदार ने उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत झूठा प्रकरण दर्ज कराने की धमकी भी दी। कमलेश पटेल ने बताया कि उसका बड़ा भाई एकम सिंह 16 अक्टूबर से लापता है और

रेत खनन मामले में बकायादारों के विरुद्ध आरआरसी जारी

15 दिवस में राशि जमा ना करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। मध्य प्रदेश रेत नियम 2018 के नियम 23 के उल्लंघन किए जाने पर 10 और खान एवं खनिज अधिनियम 1957 एवं मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम 2019 के उल्लंघन किए जाने पर संबंधित 4 प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर न्यायालय कलेक्टर नरसिंहपुर द्वारा अर्थदंड शास्ति की राशि अधिरोपित की गई है। अधिरोपित राशि लंबे समय से जमा नहीं किए जाने के कारण शासन की राशि बकाया है, पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद राशि नहीं किए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध राशि वसूली के लिए राजस्व वसूली प्रमाण पत्र-आर.आर.सी. जरी किए गए हैं।

इन पर लगा जुर्माना

प्रभारी अधिकारी खनिज नरसिंहपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश रेत नियम 2018 के नियम 23 के उल्लंघन किए जाने पर गोटेगांव तहसील के ग्राम मालीवाड़ा के ऋषिराज पटेल आ. परमानंद पटेल के विरूद्ध अलग-अलग प्रकरणों में 48 लाख रुपये, 2 करोड़ 40 लाख रुपये, 60 लाख रुपये व 12 लाख रुपये, करेली तहसील के साकेत नगर निवासी संजय दुबे आ. गौरीशंकर दुबे के विरूद्ध 12 लाख रुपये, होशंगाबाद के मेसर्स एस.आर. व मेसर्स सैनिक फूड प्रा.लि. कम्पनी के विरूद्ध एक करोड़ 34 लाख 51 हजार 580 रुपये, गोटेगांव के सतीश पटेल आ. कमल सिंह पटेल के विरूद्ध अलग-अलग प्रकरणों में एक करोड़ 50 लाख रुपये व एक करोड़ 80 लाख रुपये, आजाद वार्ड बेलहाई रोड गोटेगांव के राजू राजपूत आ. सतीशराम राजपूत के विरूद्ध 60 लाख रुपये और झांसीघाट तहसील गोटेगांव के संजय उर्फ पप्पू महंत आ. गणेश दास महंत (वैष्णव) के विरूद्ध 8 लाख 40 हजार रुपये की अधिरोपित शस्ति राशि की वसूली के लिए आर.आर.सी. जारी किए गए हैं। इसी प्रकार खान एवं खनिज अधिनियम 1957 एवं मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम 2019 के उल्लंघन किए जाने पर सागर जिले के सी-41 विश्वविद्यालय कैम्प की अंजली मौर्य पत्नी भगवत मौर्य के विरूद्ध 10 करोड़ रुपये, मेसर्स राजलक्ष्मी इंटरप्राइजेज प्रा.लि. गाडरवारा के प्रो.प्रा. महाराणा प्रताप वार्ड पलोटनगंज गाडरवारा निवासी हरिओम चैधरी के विरूद्ध एक लाख 80 हजार रुपये, नरसिंहपुर तहसील के ग्राम धमना निवासी देवी लोधी आ. रामचरण लोधी के विरूद्ध 11 लाख 25 हजार रुपये और गोटेगांव तहसील के ग्राम झांसीघाट पोस्ट खमरिया निवासी देवीदास वैष्णव आ. स्व. बृजेन्द्र दास के विरूद्ध 28 लाख 12 हजार 500 रुपये अधिरोपित शस्ति राशि की वसूली के लिए आर.आर.सी. जारी किए गए हैं।



चलती कार में ड्राइवर की गर्दन पकड़ी, कार नदी में गिरी

ग्राम बमनी में शनिवार सुबह एक पारिवारिक विवाद के दौरान कार नदी में गिर गई। झगड़ा कर रहे युवक संदीप सेन ने कार चालक गणेश की गर्दन पकड़कर स्टेयरिंग घुमा दिया था। इससे ऑल्टो कार बेकाबू होकर पुलिया के पास से सीधे नदी में जा गिरी। जानकारी के मुताबिक, एक ही परिवार के दो लोगों के बीच कहासुनी हुई थी। झगड़ा बढने पर परिवार के सदस्य गणेश, पवन और अब्बू विवाद कर रहे संदीप को कार से थाने ले जा रहे थे। कार में आरोपी युवक समेत कुल पांच लोग सवार थे। रास्ते में युवक ने अचानक ड्राइवर की गर्दन पकड़ ली, जिससे स्टेयरिंग घूम गया और ड्राइवर का नियंत्रण खो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी पांचों लोगों को बाहर निकाला। सभी लोग बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद ऑल्टो कार अभी भी नदी के पानी में डूबी हुई है। सुआतला पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

15 दिवस में राशि जमा करने के निर्देश

प्रभारी अधिकारी खनिज नरसिंहपुर ने संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया गया है कि वे अपने अधिरोपित बकाया राशि की अदायगी 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता 1953 के प्रावधानों के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली के लिए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में वसूली की प्रक्रिया में होने वाले वैधानिक परिणामों के लिए संबंधित स्वयं उत्तरदायी होंगे। अतः संबंधित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा में अधिरोपित राशि जमा कर वसूली की कार्रवाई से बचें।

प्रदर्शन श्रेणीकरण सूचकांक में प्रथम स्थान हासिल करने का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार और एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस के डाटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डाइट नरसिंहपुर में जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र नागेश के मार्गदर्शन में जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप द्विवेदी द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में डाटा सत्यापन, त्रुटि सुधार तथा जिलों के लिए प्रदर्शन श्रेणीकरण सूचकांक के विभिन्न संकेतकों में सुधार पर चर्चा की गई। इसमें जिले के सभी विकासखंडों के विकासखंड संसाधन केंद्र समन्वयक, विकासखंड अकादमिक समन्वयक, जनशिक्षक एवं प्रबंधन सूचना प्रणाली समन्वयक शामिल हुए। कार्यशाला में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से जिले को प्रदर्शन श्रेणीकरण सूचकांक की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

काव्य समारोह में बरसा भक्ति रस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। समीपस्थ ग्राम ठेमी में माँ शीतला दुर्गोत्सव समिति के सानिध्य में माँ भगवती के पावन प्रांगण में रात्रिकालीन काव्य समारोह का गरिमामय भक्तिमय भव्य आयोजन रखा गया। सर्वप्रथम उपस्थित कविगणों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा माँ भगवती की पूजा आराधना की गई तत्पश्चात मंच पर विराजमान कवियों का समिति के द्वारा सम्मान किया गया। कवियित्री ज्योति श्रीवास्तव के मधुर स्वर में माँ सरस्वती की पावन वंदना के पश्चात कवि लखन डेहरिया, महेंद्र मोती, नरेंद्र सराठे, कुंज बिहारी यादव, कवियित्री ज्योति श्रीवास्तव कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्थानीय कवि गजलकार लखन डेहरिया शब्दाक्षरी ने प्रस्तुति दी गई। समिति के सदस्य भाई रामजी गुमस्ता,रामसेवक पटेल सरपंच मस्तराम पटेल के अथक प्रयास ने कार्यक्रम की सफलता में अहमभूमिका निभाई।बड़ी संख्या में मात्र शक्ति की और आसपास के क्षेत्रों के हर वर्ग के हजारों श्रोताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।अंत में रामजी गुमस्ता जी के आभार प्रर्दशन के साथ समिति के द्वारा वरिष्ठ जनों के हाथों उपस्थित कवियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।यह गरिमामय सफल आयोजन हमेशा याद रखा जायेगा।

संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग ने किया तालाबों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग जबलपुर गिरीश मेश्राम ने जिले के मत्स्योद्योग कार्यालय, मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बगासपुर- गोटेगांव तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों, मत्स्य बीज उत्पादन तथा तालाबों में मत्स्य उत्पादन के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा मत्स्य बीज उत्पादन और मत्स्य पालन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए।





अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित जीवन जीने की कला पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में राज्य आनंद संस्थान के तत्वावधान में अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को दैनिक जीवन की व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर स्वयं से जुड़ने, जीवन में आनंद की अनुभूति करने तथा सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्याख्याता आनंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षित बनना नहीं, बल्कि संस्कारित बनना भी होना चाहिए। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान प्रदान करती है, जबकि संस्कार उसे सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा मुक्ति राय विप्रा मोदी ने जीवन सरिता सत्र पर अपने विचार साझा करते हुए जीवन को निरंतर प्रवाहित रहने वाली धारा के रूप में समझाया। उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, जीवन में आनंद बढ़ाने तथा बेहतर जीवन मूल्यों को विकसित करने की प्रेरणा दी। राज्य आनंद संस्थान के ओर से डायट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव एवं विद्यालय परिवार के सहयोग हेतु आभार प्रदर्शन आरती चैकसे द्वारा किया गया

विधायक महेन्द्र नागेश के प्रयासों से दो जरूरतमंद परिवारों को 1.75 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत



गोटेगांव। विधायक महेन्द्र नागेश के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के दो जरूरतमंद परिवारों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 1 लाख 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों प्रकरणों में सहायता राशि मंजूर की है। इससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सूरवारी निवासी पवन लोधी, पिता नेतराम लोधी, बहुविकलांग हैं। उनकी परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद वर्ष 2026-27 से 75 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस संबंध में 16 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से कलेक्टर नरसिंहपुर को अवगत कराया गया है।वहीं, गोटेगांव खेड़ा निवासी जीरा बाई, पति तुलसी राम मेहरा के परिवार को बिजली का करंट लगने से हुई दुर्घटना के प्रकरण में एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। दोनों हितग्राहियों को स्वीकृत राशि ई-पेमेंट के माध्यम से प्रदान की जाएगी।दोनों परिवारों को आर्थिक सहायता स्वीकृत होने पर विधायक महेन्द्र नागेश ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। जनसेवा के संकल्प के साथ क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

गोटेगांव नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में किए दर्शन- नवरात्रि के पावन अवसर पर गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री महेन्द्र नागेश ने गोटेगांव नगर के विभिन्न मंदिरों एवं दुर्गा उत्सव पंडालों में पहुंचकर माँ दुर्गा के दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से आत्मीय मुलाकात की।विधायक श्री महेन्द्र नागेश ने ठाकुर बाबा महाराज, खेरमाई मंदिर (किसानी मोहल्ला), नर्मदा मंदिर, नगर पालिका परिषद गोटेगांव, रिपटा मोहल्ला, माँ अम्बे समिति भूतेश्वर मंदिर, श्रीधाम का राजा (नया बस स्टैंड), सरस्वती स्कूल के पास आयोजित दुर्गा उत्सव, माँ रेवा दुर्गा उत्सव समिति बैलहाई, माता महाकाली मंदिर समिति एवं नर्मदेश्वर मंदिर समिति में पहुंचकर माँ के दर्शन-पूजन किए। इसके साथ ही खुब्बी का बगीचा स्थित जय भारत सांस्कृतिक मंच के भंडारे में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं से भेंट की।खेरमाई मंदिर की डांस प्रतियोगिता में हुए शामिलकिसानी मोहल्ला स्थित खेरमाई मंदिर में आयोजित डांस प्रतियोगिता में विधायक श्री महेन्द्र नागेश विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लिया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चलते भक्तिमय माहौल बना रहा। विधायक श्री महेन्द्र नागेश की सहभागिता से आयोजन समितियों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।**माँ जगदम्बा की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर सदैव बनी रहे तथा गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र विकास, सुख-समृद्धि और खुशहाली के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही मंगलकामना है।

दुर्गा पंडालों में भारी भीड़ उछल कूद कर झूम झूमकर गा रहे आरती और देवी जस

शक्ति की भक्ति में उमड़ा आस्था का सैलाब







तेंदूखेड़ा। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिमय अंदाज में धूमधाम से मनाया जा रहा है।माता रानी की भक्ति में आस्था का भाव देखने को मिल रहा है।भोर की पहली किरण निकलने के पूर्व ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में मातारानी के दरबारों में जल चढ़ाने पूजन अर्चन करने निकल पड़ते हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर माता रानी की सेवा में जुटा हुआ है।देवी मठों में महिलाओं द्वारा दोपहर के समय भगते देवी जस गाये जा रहें हैं।शाम के समय अपने दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बच्चों से लेकर बूढ़े तक संगीतमय पांच आरतियों में नगर के सभी दुर्गा पंडालों में पहुंच कर माता रानी की झूम झूमकर कर आरती गाने में तल्लीन देखे जा रहे हैं। दुर्गा समीतियों द्वारा भी प्रतिदिन अलग अलग प्रसाद सुहाग वितरण किया जा रहा है।जगमग रौशनी के बीच संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चे दिखा रहे अपनी प्रतिभा- नौ दिनों में माता रानी के इस उत्सव में बच्चे भी पीछे नहीं है। अपने अपने स्कूलों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान देवी गीतों पर थिरकने के साथ शिक्षा प्रद लघु नाटिकाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला सम्मान हम भारत की नारी चीर हरण माता पिता की सेवा सम्मान से लेकर स्वच्छता अभियान तक सराहनीय प्रसंग प्रस्तुत किए जा रहे हैं। समितियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा रहा है।

खेरापति मंदिर में लगेगा अठवाई हलवा खीर का भोग- नौ दिनों तक माता रानी की साधना आराधना के बाद अब नगर और गांव की खेड़ापति मंदिरों में हलवा खीर पूड़ी अठवाई का भोग लगाया जायेगा बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दरबारों में पहुंच कर पूजन अर्चन करेंगे।साथ ही दुर्गा पंडालों एवं घरों घर कन्या भोजन कराये जा रहें हैं। पूजन अर्चन के साथ चुनरी डालकर पूजन किया जा रहा है। दुर्गा पंडालों में आज हवन पूजन होगा तथा कन्या भोजन भंडारों का आयोजन किया जाएगा।21 अक्टूबर को दशहरा पर्व के साथ चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकाला जायेगा।